## एक नजर में

### बाग में सामाजिक विज्ञान विषय का प्रशिक्षण प्रारंभ




**बाग** – जनपद शिक्षा केंद्र बाग मे कक्षा छठवीं पढ़ाने वाले गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान विषयों के शिक्षकों का 2 दिवसीय *fln* प्रशिक्षण में आज सामाजिक विज्ञान विषय का प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ उपरोक्त जानकारी देते हुए प्रशिक्षण प्रभारी हरजी मुकाती ने बताया कि दो दिवसीय यह प्रशिक्षण तीन चरणों में आयोजित किया जा रहा है आज सामाजिक विज्ञान विषय के 45 शिक्षकों को मास्टर ट्रेनर अनुप कुशवाहा और अशोक अहिरवाल के द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है सार्थक ऐप के माध्यम से शिक्षकों की उपस्थिति लगाई जा रही है। उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों को बीआरसीसी धर्मेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया कि नवीन शिक्षण सत्र 2025/26 को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति एन ई पी 2020 के क्रियान्वयन अंतर्गत गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से कक्षा छठवीं में गणित विज्ञान सामाजिक विज्ञान विषयों की नवीन एन सी ई आर टी पुस्तके लागू की गई है इन पुस्तकों के सफल शिक्षण के लिए विकासखंड स्तरीय विषय शिक्षकों का प्रशिक्षण किया जा रहा है सभी शिक्षक जिम्मेदारी से प्रशिक्षण प्राप्त कर शासन के मुख्य उद्देश्य को सफल बनाना है इस नीति के बाद स्कूलों में परिवर्तन देखने को मिलेगा प्रशिक्षण संबंधी आवश्यक व्यवस्था पृथ्वीराज चौहान और ऑनलाइन कार्य परम सिंह चौहान एवं कुमारी माही गोरे के द्वारा की जा रही है।

### शातिर बदमाश सूरज जगधने जिलाबदर

इंदौर. अपराधी प्रवृत्ति और लगातार आपराधिक गतिविधियों में लिप्त रहने वाले टापू नगर निवासी सूरज उर्फ रोहित जगधने के खिलाफ पुलिस आयुक्त ने सख्त कार्रवाई करते हुए उसे छह माह के लिए जिलाबदर कर दिया है. जारी आदेश के अनुसार आरोपी अब इंदौर जिले नगरीय व देहात और इससे लगे सीमावर्ती जिलों की सीमा में भी प्रवेश नहीं कर सकेगा. थाना परदेशीपुरा क्षेत्र के रहने वाला 25 वर्षीय सूरज जगधने पुत्र मुन्नालाल पर पहले से कई आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं. लगातार मिल रही शिकायतों और उसके खिलाफ पुलिस रिपोर्ट के आधार पर यह कार्रवाई की गई है. पुलिस कमिश्नर ने उसके खिलाफ छह माह के लिए प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है. पुलिस थाना परदेशीपुरा की टीम ने यह आदेश क्षेत्र में लाउड स्पीकर के माध्यम से सार्वजनिक रूप से सुनाया तथा आरोपी सूरज जगधने और उसके परिजनों को आदेश का पालन सुनिश्चित करने के लिए पाबंद किया है.

### जिलाबदर बदमाश गिरफ्तार

इंदौर. चंद्रावतीगंज पुलिस ने जिलाबदर घोषित बदमाश को गिरफ्तार किया है आरोपी मुकेश उर्फ खोदा को जिला दंडाधिकारी के आदेश के बावजूद इंदौर में अवैध रूप से प्रवेश करने पर मप्र राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया गया है. पुलिस अधीक्षक ग्रामीण हितिका वासल ने बताया कि थाना प्रभारी कृष्णा पदमाकर द्वारा सक्रिय किए गए मुखबिर तंत्र से सूचना मिली थी कि ग्राम पोटलोद रोड चंद्रावतीगंज निवासी बदमाश मुकेश उर्फ खोदा अपने घर पर मौजूद है. सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने पंचों की मौजूदगी में दबिश दी और मुकेश को उसके घर के बाहर से घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया. पूछताछ में उसने अपनी पहचान मुकेश उर्फ खोदा पिता बृजलाल सोलंकी, उम्र 27 वर्ष निवासी चंद्रावतीगंज के रूप में बताई. मुकेश के खिलाफ पूर्व में भी आपराधिक गतिविधियों को लेकर कई प्रकरण दर्ज हैं. इसी आधार पर उसे इंदौर सहित आसपास के सीमावर्ती जिलों उज्जैन, देवास, धार, खंडवा और खरगोन की सीमा से बाहर किया गया था.

### फसलों के जोखिम से बचने कराये फसल बीमा

देपालपुर. प्रधानमंत्री फसल बीमा के अंतर्गत 1 से 7 जुलाई फसल बीमा सप्ताह का आयोजन कैक काटकर शुभारंभ किया गया है. वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी ने बताया कि देपालपुर तहसील के कृषक प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत खरीब मौसम 2025 में अधिसूचित फसलों का बीमा 31 जुलाई तक करवा सकते है. शासन के निर्देश अनुसार बीमा कराने की अंतिम तिथि निर्धारित की गई है. कृषक भाई निर्धारित तिथि तक संबंधित बैंको, सहकारी समिति, सीएससी सेंटर में अपनी फसल का बीमा करा सकते है. खरीब मौसम के लिए प्रीमियम राशि स्कूल ऑफ फायनेंस का 2 प्रतिशत देय है. अऋणी/डिफॉल्टर कृषक अपनी अधिसूचित फसलों का बीमा संबंधित बैंक शाखा एवं लोकसेवा केंद्र के माध्यम से करवा सकते है. ऋणी कृषकों का बीमा संबंधित बैंक के माध्यम से किया जावेगा। खरीब मौसम में पटवारी हल्का स्तर पर सोयाबीन फसलों को अधिसूचित किया गया है. खरीब सोयाबीन सिंचित फसल हेतु प्रति हेक्टेयर 900 रू. प्रीमियम किसानों को देय होगा। अधिक जानकारी के लिए एसबीआई जनरल इंश्योरेंस के प्रतिनिधि एवं कृषि विभाग के मैदानी अमले से संपर्क कर कृषक अपनी फसल का बीमा करा सकते है.

### इनर व्हील क्लब महू की नई कार्यकारिणी गठित

महू. इनर व्हील क्लब महू की नवीन कार्यकारिणी का गठन वर्ष 2025 के लिए संपन्न चुनाव प्रक्रिया के माध्यम से सफलतापूर्वक किया गया. नवचयनित पदाधिकारियों ने क्लब की सेवा परंपरा को आगे बढ़ाने और सामाजिक कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने का संकल्प लिया. इस अवसर पर प्रीति खंडेलवाल को क्लब की अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई. मनीषा शर्मा को सचिव पद की जिम्मेदारी मिली है, जो प्रशासनिक कार्यों का समुचित संचालन करेंगी. अंशु गुप्ता को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है, जो क्लब की वित्तीय गतिविधियों की जिम्मेदारी संभालेंगी. सरिता खंडेलवाल को संपादक का पदभार मिला है, जो क्लब की गतिविधियों को रचनात्मक रूप से प्रस्तुत करेंगी. वहीं आईएसओ (इंटरनेशनल सर्विस ऑर्गनाइज़र) के रूप में फातिमा कुरैशी का चयन हुआ है, जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर क्लब के समन्वय और सहयोग को बढ़ावा देंगी. कार्यकारिणी के गठन पर क्लब की वरिष्ठ सदस्यों एवं शहर की प्रतिष्ठित सामाजिक कार्यकर्ताओं– किरण गोयल, किरण महेश्वरी, गीता कनोजिया, रेनू बंसल, शालिनी जिंदल, मंजू हल्तवानी, सुनीता नैना, कविता वर्मा, वंदना नेगी आदि ने नई टीम को शुभकामनाएं दीं और उनके सफल कार्यकाल की कामना की.

### 54 बसों की चेकिंग, 16 वाहनों के बनाए चालान

महू. लोकसेवा परिवहन में प्रयुक्त उपनगरीय बसों पर चेकिंग लगाकर करवाई की गई. इस कार्रवाई के तहत जहां उपनगरीय बसों के चालान बनाए गए, वही दो पहिया वाहनों के भी चालान काटे गए. पुलिस अधीक्षक हितिका वासल के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रूपेश द्विवेदी व एसडीओपी ललित सिकरवार के मार्गदर्शन में सार्वजनिक यातायात को सुगम एवं सुरक्षित बनाने के लिए यातायात पुलिस महू द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे है. इसी तारतम्य में गुरुवार को किशनगंज थाने के सामने विशेष चेकिंग लगा कर उपनगरीय बसों एवं अन्य वाहनों के सभी दस्तावेज जिसमें वाहन का बीमा, फिटनेस, परमिट, पीयूसी, ड्राइवर लाइसेंस एवं ड्राइवर की वर्दी, प्रेशर हॉर्न, नंबर प्लेट व ओवरलोड सवारी की चेकिंग की गई। इस दौरान करीब 54 बसों को चेक किया गया.





# हम बदलेंगे, युग बदलेगा नारों से गूंज उठा सिंघाना

**भव्य मंगल कलशयात्रा**

**प्रखर प्रज्ञा सजल श्रद्धा पुनर्स्थापना एवं पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ प्रारंभ**



**सिंघाना.** अखण्ड दीप मातृशक्ति जन्मशताब्दी शक्ति संवर्धन प्रखर प्रज्ञा सजल श्रद्धा पुनर्स्थापना एवं पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन गायत्री शक्तिपीठ सिंघाना पर चार दिवसीय आयोजन आज से प्रारंभ हुआ। जिसके उपलक्ष्य में आज शुक्रवार प्रथम दिन को भव्य मंगल कलश शोभायात्रा निकाली गई। मंगल कलश यात्रा सीरवी मोहल्ले में स्थित आई माता मंदिर में विधि विधान से पूजा व मा गायत्री की आरती के आई माता मंदिर से कलश यात्रा प्रारंभ होकर शिवाजी मार्केट होते हुए टंकी चौराहे से मेन रोड होते हुवे, कुक्षी रोड गायत्री शक्तिपीठ पर पहुंचि। कलश यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया कलश यात्रा में बड़ी संख्या में पितवस्त्र धारी मातृशक्ति सर पर मिट्टी का कलश रख पंक्ति बद्ध होकर जय घोष के साथ शामिल हुई। गाजे-बाजे के साथ निकली कलश यात्रा में रथ पर मां गायत्री स्वरूपा तीनों कन्याएं विराजित हुई। हम बदलेंगे, युग बदलेगा। प्राणियों में सद्भावना हो, विश्व का कल्याण हो जैसे मंगलमय नारों से वातावरण गुंज उठा। जिससे नगर सिंघाना का माहौल भक्तिमय हो गया। कलश यात्रा के समापन के पश्चात ऋषिसंदेश में भारतीय अध्यात्म, वेद गायत्री, यज्ञ, भारतीय संस्कृति, जीवन जीने की कला, हमारा जीवन सुखी एवं निरोगी कैसे बने इसके बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। गायत्री परिजन, ग्रामवासी एवम् आसपास के गांवों से पधारे भक्तजन संकीर्तन करते हुए यात्रा में सम्मिलित हुए। गायत्री शक्तिपीठ सिंघाना के आचार्य ने बताया कि पिछले लगभग 20 दिनों से क्षेत्र के 30 से ज्यादा ग्रामीण क्षेत्रों में दीप यज्ञ के माध्यम से कलश यात्रा व संपूर्ण आयोजन का निमंत्रण दिया गया था। आचार्य ने बताया कि पिछले चार दिनों तक धार्मिक अनुष्ठान व आयोजन होंगे जिसमें हरिद्वार से संत शामिल भी होंगे। शनिवार को प्रात: 8.00 बजे से पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं विभिन्न संस्कार होंगे । दोपहर में कन्या कौशल एवं युवा कौशल प्रशिक्षण होगा। एवं रात्रि कालीन ऋषिसंदेश होगा। रविवार को प्रात: 8.00 बजे से 11.00 बजे तक पंचकुंडीय यज्ञ एवं विभिन्न संस्कार होंगे। दोपहर में प्रबुद्ध वर्ग की गोष्ठी संपन्न होगी। एवं रात्री में गायत्री धाम जामली से पधारे पण्डित मेवालाल जी द्वारा ऋषिसंदेश होगा। सोमवार प्रात: देवसंस्कृति विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति परम आदरणीय श्री चिन्मय जी पंड्या के द्वारा प्रखर प्रज्ञा सजल श्रद्धा की पुनर्स्थापना एवं विशेष पूजन होगा। तत्पश्चात यज्ञ एवं विभिन्न संस्कार होंगे। कार्यक्रम की पूर्णाहुति 12.00 बजे होगी। तत्पश्चात भोजन प्रसादी का आयोजन किया जाएगा।



## कर्मचारी संगठन की विशेष बैठक का आयोजन जनपद पंचायत सरदारपुर में किया जाएगा

**सरदारपुर ।** आउटसोर्स अस्थाई अंशकालीन कर्मचारी संगठन जिला शाखा धार द्वारा तहसील सरदारपुर जनपद पंचायत में दिनांक 6 7.25 को समय 10-00 बजे बैठक का आयोजित की जा रही है जिसमें आउटसोर्स ऑल डिपार्टमेंट अंशकालीन कर्मचारी संगठन के नवजात जिला अध्यक्ष श्री भारत सिंह ठाकुर का स्वागत एव संगठन की कार्यकारिणी का विस्तार और कर्मचारियों की समस्या और महासम्मेलन की तैयारी के लिए संयुक्त कर्मचारी संगठन की बैठक आयोजित की जा रही है जिसमें अंशकालीन कर्मचारी मास्टर कर्मचारी रसोईया दैनिक वेतन भोगी स्थाई कर्मचारी अन्य विभाग के भी कर्मचारी गण अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपनी कर्मचारी संगठन की मांगे पूरीकरने के लिए बैठक मे उपस्थित होने की अपील करता कन्हैया लाल मालवीय गणेश कटारे प्रेम पटेल संजय प्रजापत गोविंद भाभर ममता ठाकुर दया भूरिया तहसील अध्यक्ष सरदारपुर के नंदराम मारू ने आवाहन किया कि अधिक से अधिक संख्या में आकर ऑल डिपार्टमेंट संयुक्त मोर्चा अंशकालीन जिला स्तरीय बैठक को सफल बनाए और कई वर्षों से अपनी मांग चली आ रही है भोपाल तक आवाज बुलंद करना है इस बैठक के अध्यक्षता धार जिले के अध्यक्ष भारत सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में एवं अन्य मुख्य अतिथिगण भी उपस्थित रहेंगे उक्त जानकारी जिला महामंत्री प्रेम पटेल मीडिया प्रभारी कन्हैयालाल मालवीय संगठन के पदाधिकारी द्वारा दी गई है कर्मचारी गण से सादर निवेदन है कि अधिक से अधिक संख्या में संगठन को मजबूत करना प्रांत अध्यक्ष महोदय वासुदेव शर्मा के हाथ मजबूत कर महासम्मेलन को भी सफल बनाना है और आउटसोर्स ऑल डिपार्टमेंट अस्थाई कर्मचारी संगठन जिला शाखा धार कार्यकारिणी का गठन भी किया जाएगा

## मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों के खाते में डाली लैपटॉप की राशि

**नागदा ।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 12 वी बोर्ड परीक्षा में 75 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियों को लेपटॉप हेतु 25 हजार रूपये की राशि खाते में आवंटित की। जिसके कार्यक्रम का सीधा प्रसारण सांदीपनि शाउमावि नागदा में अतिथियों की आतिथ्य में विद्यार्थियों एवं उपस्थित गणमान्यों ने देखा व सुना। प्रसारण के पूर्व अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती का पूजन दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर किया। शासन की योजना अंतर्गत संस्था के 9 छात्र व 17 छात्राएँ सहित कुल 26 विद्यार्थी लाभान्वित हुए। जनपद सदस्य राजेन्द्रसिंह पटेल ने छात्र-छात्राओं को



अपने आगामी सुंदर भविष्य के लिए हमेशा कडी मेहनत के साथ अध्ययन करने की बात कही। वहीं मंडल अध्यक्ष धर्मेन्द्र राठौड ने सरकार की इस महत्ती योजना की प्रशंसा करते हुए अगले सत्र और भी ज्यादा विद्यार्थी इस योजना से लाभान्वित हो उसके लिए आज से ही अच्छी तैयारी करने की बातें कही। इस अवसर पर संस्था प्राचार्य धर्मेन्द्र जाट, अनोखीलाल राठौड, जयेश मेहता, अनवर मंसुरी, समंदर चैधरी, पंकज दग्दी, प्रकाश परमार, शिक्षक निलेश गोयल, हरिराम ग?गे, सचिन प्रजापत, माधुरी पाटीदार सहित संस्था के छात्र-छात्राएँ व योजना से लाभान्वित विद्यार्थी उपस्थित थे।



## पर्यावरण संरक्षण के लिए एक पेड़ अवश्य लगाएं : आईपीएस बेनीवाल

**बाकानेर** -प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने भी मध्य प्रदेश में भी एक पेड़ मां के नाम अभियान चलाया जा रहा है इसी अभियान के तहत आज बाकानेर में एसडीओपी अनु बेनीवाल (आईपीएस) के आतिथ्य में चौकी परिसर में 50 फलदार एवं छायादार पौधे लगाए गए ।इस अवसर पर चौकी प्रभारी अश्विन चौहान एवं बाकानेर चौकी के स्टाफ उपस्थित रहे। एसडीओपी (आई पी एस) अनु बेनीवाल ने इस अवसर पर बताया कि की पुलिस महानिदेशक का एक विजन है कि इस माह ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाए जाए और मध्य प्रदेश को हरा भरा किया जाए। इस माह मनावर अनुभाग क्षेत्र में सभी थानों एवं पुलिस चौकियों पर फलदार एवं छायादार करीब 501 पौधे लगाने का लक्ष्य है। इस कार्यक्रम के तहत हमने आज बाकानेर में 50 पौधे लगाए गए। पौधे लगाने के साथ हम उनका संरक्षण भी करें जैसे अपने बच्चों का अपन पालन पोषण करते हैं इस तरह पौधा लगाकर उसका भी पालन पोषण कर उसे बड़ा करें पर्यावरण संरक्षण के लिए बहुत ही जरूरी है हम इस अभियान को मां बहन बेटी सभी को समर्पित करते हुए यह अभियान चला रहे हैं। कार्यक्रम में जनपद सदस्य प्रतिनिधि खुशाल अग्रवाल पत्रकार रविंद्र नामदेव बाबूलाल सिसोदिया अरुण वैष्णव पूरब काला विनोद सेन प्रधान आरक्षण महेश जाट बिसन मुजाल्दा राकेश कन्नौज आरक्षक अनिल आरक्षक गणपत सेंगर दर्शन चौहान उपस्थित थे।

## तत्व चिंतन से आत्म चिंतन का होगा चातुर्मास

**टांडा में साध्वी श्री तत्वलता श्री जी आदि ठाणा 4 का भव्य मंगल प्रवेश आज**

**विशाल मंगल जुलूस प्रात: 8 बजे से प्रारंभ होगा**

**टांडा** नि प्र – राष्ट्रसंत पुण्य सम्राट श्रीमद विजय जयंतसेन सूरीजी महाराज सा की शिष्या वर्तमान जैनाचार्य सु विशाल गच्छाधिपति धर्म दिवाकर हृदय सम्राट श्रीमद विजय नित्यसेन सूरीजी महाराज सा भांडवपुर तीर्थ उद्धारक आचार्य श्रीमद विजय जयरत्न सूरीजी महाराज सा की आज्ञानुवर्ती सरलमना पूज्य साध्वी श्री स्नेहलता श्रीजी की शिष्या पूज्य साध्वी श्री तत्वलता श्री जी महाराज सा आदि ठाणा 4 का इस वर्ष का चातुर्मास टांडा नगर में होने जा रहा हे। टांडा श्री संघ ने चार माह में तप जप धर्म की गंगा बहाने के इस चातुर्मास की भव्य बनाने की तैयारी कर ली है। जैन श्रीसंघ के अध्यक्ष श्री पारस कुमार जी तलेसरा तथा चातुर्मास समिति के अध्यक्ष विनय बाफना ने बताया की 5 जुलाई शनिवार को प्रात: 8 बजे बाग कुक्षी रोड पुलिस थाने के सामने से पूज्य साध्वी जी भगवंतो की सकल जैन श्री संघ एवं परिषद परिवार भव्य आगवानी करेगा। नगर प्रवेश की प्रथम गहुली की जायेगी। जिसका लाभ संतोष कुमार श्रेणीकजी कोठारी परिवार ने लिया। ढोल बाजे के साथ उत्साह उमंग उल्लास के साथ नगर के मुख्य मार्गो से मंगल जुलूस निकलेगा महिला तथा बहु परिषद जुलूस के आगे सर पर कलश लेकर चलेगी।

**एक नजर** *साध्वी भगवंतो को अटल टनल से पैदल विहार की अनुमति में की थी मदद*

## विधायक प्रताप ग्रेवाल का दिल्ली मड्डे गुजराती श्वेतांबर जैन संघ ने किया बहुमान

**सरदारपुर ।** दिल्ली मे 29 जून को परम पूज्य साध्वी श्रुतदर्शना म.सा. का चातुर्मास मंगल प्रवेश हुआ जिसमे सरदारपुर विधायक प्रताप ग्रेवाल विशेष अतिथि के रूप मे उपस्थित हुए। विधायक प्रताप ग्रेवाल ने साध्वी भगवंतों का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान दिल्ली गुजराती श्वेतांबर मूर्तिपूजक जैन संघ एवं दिल्ली गुजराती कुंथुनाथ ट्रस्ट द्वारा विधायक प्रताप ग्रेवाल का बहुमान किया गया। विधायक प्रताप ग्रेवाल का यह बहुमान साध्वी निधी दर्शना श्रीजी, साध्वी हीर दर्शना श्रीजी के हिमाचल प्रदेश मे पैदल विहार के दौरान 9 किलीमीटर लंबी अटल टनल रोहतंग मे प्रशासन से पैदल विहार की अनुमति दिलाने एवं सुरक्षा की दृष्टि से



सुरक्षाकर्मी भी उपलब्ध करवाने पर किया गया। साध्वी भगवंतो के पैदल विहार के दौरान प्रशासन द्वारा साध्वी भगवंतो को पैदल विहार की अनुमति प्रदान नही की गई थी जिससे साध्वी भगवंतो द्वारा 4 घण्टे तक विहार नही किया गया जिसकी सूचना जैन समाजजनो के माध्यम से विधायक प्रताप ग्रेवाल को मिली और विधायक ग्रेवाल द्वारा लाहौल डीसी से चर्चा कर पैदल विहार की अनुमति हेतु आग्रह किया जिस पर लाहौल डीसी द्वारा विधायक ग्रेवाल के आग्रह पर पैदल विहार की विशेष अनुमति प्रदान की थी। विधायक प्रताप ग्रेवाल के साथ चातुर्मास मंगल प्रवेश मे राजगढ नगर के समाजसेवी मनीष चॉईस जैन भी उपस्थित रहे।